हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



खबर संक्षेप

कोल इंडिया के कर्मचारियों के खाते में पहुंचे 1 लाख 10 हजार 250 रुपये

कोरबा। कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी सहायक कंपनियों के पात्र गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के बैंक खातों में गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2026 के परफॉर्मेंस लिंक्ड रिवार्ड (पीएलआर) बोनस की राशि जमा कर दी गई। प्रत्येक पात्र कर्मचारी को 1 लाख 10 हजार 250 रुपये मिले हैं। दीपावली से पहले बोनस का भुगतान होने से कोयलांचल के कर्मचारियों को त्योहार की खरीदारी और घरेलू जरूरतों के लिए आर्थिक मदद मिली है। कोल इंडिया की सहायक कंपनियों एसईसीएल, सीसीएल और बीसीसीएल सहित अन्य कंपनियों के पात्र कर्मचारियों को इसका लाभ मिला है। देशभर में करीब 2.01 लाख कर्मचारियों के खातों में राशि पहुंची है। बोनस भुगतान पर कंपनी का कुल खर्च लगभग 2216 करोड़ रुपये बताया गया है। इस वर्ष बोनस की राशि पिछले साल के 1 लाख 3 हजार रुपये के मुकाबले 7250 रुपये बढ़ाई गई है। कोरबा सहित छत्तीसगढ़ के कोयलांचल क्षेत्रों में एसईसीएल के कर्मचारियों को भी इसका लाभ मिला है।

सेवा सेतु शिविरों ने गांव से शहर तक पहुंचाई जनकल्याणकारी सेवाएं



कोरबा। सरकारी योजनाओं का लाभ पाने और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए लोगों को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसी उद्देश्य से जिले में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 1 से 14 अक्टूबर तक ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सेवा सेतु शिविर आयोजित किए गए। जनपद पंचायतों के साथ नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में लगे इन शिविरों में नागरिकों ने आवेदन दिए और विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर प्राप्त कीं।
शिविरों में राजस्व विभाग की ओर से ऋण पुस्तिका और किसान किताब का वितरण किया गया। पशु क्षति के मामलों में मुआवजा, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को घरों की चाबियां, महिला स्व-सहायता समूहों को राशि तथा कृषि और समाज कल्याण विभाग की योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस तरह शिविर लोगों की मांग और प्रशासनिक कार्रवाई के बीच सीधा संपर्क बने। उपलब्ध शिविरवार संकलन के अनुसार, जिले में दर्ज 16 शिविरों में कुल 1945 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 1321 आवेदनों का निराकरण किया गया, जबकि 624 आवेदन लंबित रहे। इस प्रकार दर्ज आवेदनों में से लगभग 68 प्रतिशत का निराकरण शिविरों के दौरान या संकलन की तारीख तक किया जा चुका था। लंबित मामलों में संबंधित विभागों से परीक्षण, निर्माण कार्यों के प्रस्ताव और अन्य विभागीय कार्रवाई की जरूरत वाले आवेदन शामिल हैं। निगम क्षेत्र में सात शिविर आयोजित किए गए। इनमें टी.पी. नगर, कोरबा जोन, कोसाबाड़ी, पं. रविशंकर शुक्ल नगर, बालको नगर, दर्री और सर्वमंगला नगर जोन शामिल थे। इन शिविरों में 786 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 247 का निराकरण किया गया। अन्य निकायों और जनपद पंचायतों में भी शिविरों के माध्यम से आवेदन और समस्याएं दर्ज की गईं। दीपका नगर पालिका के शिविर में 72 में से 70 आवेदन निराकृत हुए, कटघोरा नगर पालिका के शिविर में सभी 89 आवेदनों का निराकरण किया गया। बांकीमोंगरा नगर पालिका में 62 में से 56 और छुरीकला नगर पंचायत में 15 में से 13 आवेदन निराकृत हुए। पाली नगर पंचायत में 57 में से 52 आवेदन निराकृत किए गए।

शिविरों का आयोजन केन्द्र व राज्य सरकार की गहरी संवेदनशीलता का परिचायक : लखन

कोरबा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवाकाल के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान व सेवा सेतु अभियान के तहत यह शिविर लगाये जा रहे हैं, इन शिविरों के माध्यम से जहां एक ओर आमनागरिकों की शिकायतों व समस्याओं का त्वरित निराकरण हो रहा है, तो वहीं दूसरी ओर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने निगम द्वारा सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत निगम के दर्री जोन कार्यालय में आयोजित शिविर के दौरान कही। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने शिविर में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुये शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये स्टालों का निरीक्षण कियाशिविर को संबोधित करते हुये उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि हमें गर्व है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवाकाल के 25 वर्ष ऐतिहासिक रहे हैं, वे 13 वर्षो तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे तथा अब 12 वर्षो से देश के प्रधानमंत्री हैं, उनके मार्गदर्शन में देश के विकास में ऐतिहासिक कार्य हुये हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटलबिहारी वाजपेयी ने हमें छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात दी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब छत्तीसगढ़ को संवार रहे हैं। केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं, जिसका सीधा लाभ करोड़ों लोगों को प्राप्त हो रहा है। डॉ.रमन सिंह ने 15 वर्षो के अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में छत्तीसगढ़ का ऐतिहासिक रूप से विकास किया, जनहितकारी योजनाएं चलाई और अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं।

एसईसीएल के 9 हजार से अधिक आवासों पर कब्जा

एसईसीएल के विभागीय आवासों को बेजामुक्त कराने तैयार किया गया एक्शन प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों के 64 हजार से अधिक आवासों पर अवैध कब्जा है। इनमें बाहरी लोगों के साथ सेवानिवृत्त और कंपनी से अलग हो चुके कर्मचारियों का भी कब्जा है। अब प्रबंधन ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए एक्शन प्लान तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभागीय आवासों को कब्जामुक्त कराने के लिए जांच टीम का गठन किया गया है। आने वाले समय में अवैध कब्जाधारियों को मकान खाली करने का नोटिस थमाया जाएगा।

कोल इंडिया की सभी कंपनियों के पास करीब 2.50 लाख आवास हैं। इनमें 85,630 आवास मानक और रहने योग्य हैं, जिनमें कर्मचारी रह रहे हैं। करीब 19 हजार 585 आवासों पर सेवानिवृत्त या सेवारत कर्मचारियों का कब्जा है जबकि करीब 64 हजार 511 आवास बाहरी लोगों के कब्जे में हैं। एसईसीएल के पास कुल 59 हजार 428 आवास हैं जिनमें से 8 हजार 39 आवास अमानक हैं वहीं 5 हजार 35 में बाहरी लोगों का कब्जा है जबकि 4 हजार 530 आवासों में सेवानिवृत्त कोयला कर्मियों ने कब्जा जमाया हुआ है। सीसीएल में कुल 59 हजार 972 आवास चिह्नित किए गए हैं। इनमें 49 हजार 253 आवास रहने योग्य पाए गए हैं। वहीं 10 हजार 616 आवास जर्जर घोषित किए गए हैं। सीसीएल के 17 हजार 498 आवासों पर बाहरी लोगों का कब्जा है, जबकि 3717 क्वार्टर सेवानिवृत्त या कंपनी से अलग हो चुके कर्मचारियों के कब्जे में हैं। इसके अलावा 628 क्वार्टर सरप्लस हैं। बरका-सयाल क्षेत्र में स्थिति ज्यादा गंभीर है। यहां कुल 13 हजार 258 आवासों में से 5043 पर अवैध कब्जा मिला है। रजरप्पा क्षेत्र में भी 449 क्वार्टर बाहरी लोगों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कब्जे में हैं।

अलग-अलग कंपनियों में आवासों की स्थिति

कंपनी	कुल आवास	अमानक	बाहरी कब्जा	कर्मियों का कब्जा
एसईसीएल	59,428	8,039	5,035	4,530
ईसीएल	37,798	29,282	1,465	14,296
बीसीसीएल	44,800	16,294	18,188	5,685
सीसीएल	59,972	10,616	17,498	3,717
डब्ल्यूसीएल	16,902	278	507	140
एमसीएल	34,074	9,790	4,321	6,195
एनसीएल	14,974	1,195	1,384	287

प्रशासन के सहयोग से खाली कराये जाएंगे

प्रबंधन ने अवैध कब्जे वाले आवासों को प्रशासनके सहयोग से खाली कराने की तैयारी शुरू की है। वहीं लंबे समय से काम कर रहे ठेका कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कुछ क्वार्टर लीज लाइसेंस पर देने की संभावना भी तलाशी जा रही है। इसके लिए कानूनी राय और कोयला मंत्रालय के दिशा-निर्देश लिए जाएंगे।

बनेगा आवासों का डिजिटल डेटाबेस

कोल इंडिया ने इस मामले में निर्णय लेने के लिए मजदूर प्रतिनिधियों की एक कमेटी बनाई है। कमेटी अवैध कब्जे वाले आवासों को लेकर निर्णय और अनुशंसा करेगी। सभी अनुषंगी कंपनियों के आवासों का डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जाएगा। जो क्वार्टर रहने योग्य नहीं हैं या असुरक्षित हो चुके हैं, उन्हें ध्वस्त कर वहां आधुनिक सुविधाओं वाले नए आवास बनाए जाएंगे। कोल इंडिया प्रबंधन और यूनियन प्रतिनिधि मिलकर इसके लिए ठोस एक्शन प्लान तैयार कर रहे हैं।

एसईसीएल सुरक्षा प्रहरी के प्रथम बैच का प्रशिक्षण पूर्ण, 33 प्रशिक्षु हुए प्रशिक्षित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल में आयोजित एसईसीएल सुरक्षा प्रहरी बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच का समापन समारोह एसईसीएल मुख्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसईसीएल के निदेशक बिरंची दास उपस्थित रहे।

प्रथम बैच के 33 प्रशिक्षुओं ने लगभग एक माह का बुनियादी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया। 16 सितंबर से 15 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं को कंपनी की नीतियों एवं नियमों, सुरक्षा संबंधी प्रक्रियाओं, हथियार संचालन तथा शारीरिक एवं मानसिक दक्षता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसका उद्देश्य सुरक्षा प्रहरियों को आवश्यक कौशल, अनुशासन, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा से सुसज्जित करना है। अपने संबोधन में निदेशक बिरंची दास ने प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए कहा, वर्दी कोई सामान्य वस्त्र नहीं, आपकी पहचान है, आपके चरित्र, अनुशासन और उत्तरदायित्व का प्रतीक है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से अपने आचरण में संयम, व्यवहार में शालीनता तथा निर्णयों में विवेक बनाए रखने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को मुख्य अतिथि श्री बिरंची दास द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (मानव संसाधन सुरक्षा) सुवंकर परिड़ा, महाप्रबंधक (एच.आर.डी.) बी.सी. सेठी, सुरक्षा प्रमुख लेफ्टिनेंट कमांडर बी. दक्षिणामूर्ति, अधिकारी, प्रशिक्षक एवं अन्य सहयोगी उपस्थित रहे। एसईसीएल सुरक्षा प्रहरी कार्यक्रम कंपनी की सुरक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, सतर्क एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

लोक निर्माण विभाग के सचिव ने सड़कों की मरम्मत और बीटी पेच वर्क में तेजी लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने जिले में निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे सड़क, पुल-पुलिया और भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत और विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी उपस्थित थे।

सचिव श्री बंसल ने निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने और उनकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों के बीटी पैच मरम्मत कार्यों में तेजी लाने तथा क्षतिग्रस्त सड़कों और पुल-पुलियों की मरम्मत प्राथमिकता से कराने को कहा, ताकि लोगों का आवागमन सुगम और सुरक्षित बना रहे। उन्होंने निर्माण कार्यों में आ रही समस्याओं का समय पर निराकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि इनके कारण कार्यों की प्रगति प्रभावित नहीं होनी चाहिए। सभी निर्माण कार्य तय समयावधि में पूर्ण कर नागरिकों को उनका लाभ शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। श्री बंसल ने कटघोरा-हरदीबाजार-बलौदा-अकलतरा इंडस्ट्रियल कॉरिडोर तथा हरदीबाजार-तरदा-सर्वमंगला-इमलीछापर मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने ध्यानचंद चौक से बजरंग चौक तक निर्माणाधीन सीमेंट-कांक्रीट सड़क का भी जायजा लिया। इस 2.84 किलोमीटर लंबी सड़क की प्रगति की जानकारी लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

विजिलेंस अवेयरनेस सप्ताह...



कोरबा। विजिलेंस अवेयरनेस सप्ताह के अंतर्गत प्रोबेटी फॉर प्रॉस्पेरिटी थीम पर आयोजित प्रिवेंटिव विजिलेंस कम्पेन के तहत वूमेन इन पब्लिक सेक्टर एसईसीएल कोरबा एरिया द्वारा श्रीमती वरुणा मदान, सीनियर मैनेजर के नेतृत्व में 16 गुणा 16 फीट की भव्य रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली निर्माण में सभी महिला सदस्यों ने समान रूप से अपना योगदान दिया तथा सामूहिक सहभागिता, रचनात्मकता एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस भव्य रंगोली को देखकर महाप्रबंधक अभिजीत भट्टाचार्य ने भी महिला सदस्यों के प्रयासों एवं उनकी रचनात्मकता की सराहना की।

डीएवी पब्लिक स्कूल में विश्व गायन दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



संगीत वह सार्वभौमिक भाषा है, जो बिना किसी भेदभाव के लोगों के हृदय को जोड़ती है। संगीत के इसी वैश्विक स्वरूप, सांस्कृतिक एकता और आपसी सौहार्द के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से विश्व गायन दिवस के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल में संगीत एवं गायन के प्रति जागरूकता बढ़ाने से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिंग टुगेदर यूनाइट वर्ल्ड एक साथ गाए, विश्व को एकजुट बनाएं तथा एक गीत, एक विश्व, एक परिवार का संदेश प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया।

विश्व गायन दिवस का मूल उद्देश्य लोगों को एक साथ गाने, संगीत के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ने तथा विश्व में शांति, प्रेम, भाईचारे और एकता की भावना को प्रोत्साहित करना है। यह दिवस इस विचार को सशक्त करता है कि भाषा, देश, धर्म और संस्कृति की विविधताओं के बावजूद संगीत सभी को एक सूत्र में बाँधने की अद्भुत क्षमता रखता है। विश्व गायन के अध्यक्ष स्कॉट जॉन्सन ने भारत, कनाडा, अमेरिका, ब्राजील, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और जापान आदि देशों ने उत्साहपूर्ण इस कार्यक्रम को आयोजित किया है। पूरे भारत में केवल चार जगह इस कार्यक्रम का चयन किया गया है।जिसमें चौथा हमारा विद्यालय डी ए व्ही कोरबा का स्थान है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि संगीत किसी एक देश अथवा संस्कृति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण मानवता की साझा धरोहर है। संगीत के सुर मनुष्य के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा आपसी सद्भाव और सहयोग की भावना को विकसित करते हैं। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती डॉक्टर चेतना शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि संगीत मानव जीवन का अभिन्न अंग है। यह हमारी भावनाओं को अभिव्यक्त करने के साथ-साथ विभिन्न संस्कृतियों और समुदायों के बीच संबंध स्थापित करने का प्रभावशाली माध्यम है। संगीत के सुर मनुष्य के मन में आनंद, शांति और सकारात्मकता का संचार करते हैं।

राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता की मेजबानी नहीं करेगा जिला

कोरबा। शालेय खेलकूद कैलेंडर में कोरबा जिले को क्रिकेट और बॉलीबाल के आयोजन की जिम्मेदारी दी गई थी लेकिन शिक्षा विभाग ने वर्कलोड का हवाला देकर प्रतियोगिता के आयोजन से इनकार कर दिया। परिणाम स्वरुप दोनों खेलों के आयोजन की जिम्मेदारी राजनांदगांव जिले को दे दी है। जिले के चयनित खिलाड़ियों को अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए राजनांदगांव जाना होगा। शिक्षा विभाग का खेल विभाग पिछले कुछ वर्षों से खेल का आयोजन को लेकर महज खानापूर्ति करते आ रहा है। इस वर्ष तो महज ब्लॉक और जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन कराकर खेलकूद कैलेंडर के निर्देशों का पालन तो कर दिया लेकिन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए कभी वर्क लोड तो कभी फंड की कमी का हवाला देकर आयोजन से इनकार कर देने से जिले में पहली बार किसी प्रतियोगिता की मेजबानी मिलने के बाद आयोजन नहीं कराए जाने का मामला सामने आया है। क्रिकेट और बॉलीबाल इन दोनों खेलों के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को राजनांदगांव जाना पड़ेगा।

शारदीय नवरात्रि पर नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मंत्री ने मंदिरों में की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न देवी मंदिरों में पहुंचकर माता रानी की विधिवत पूजा-अर्चना की और समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की।

जयसिंह अग्रवाल ने सर्वमंगला मंदिर, भवानी मंदिर एवं मुड़ादाई मंदिर में पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उनके साथ छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत भी उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने श्रद्धा एवं आस्था के साथ माता रानी की पूजा कर प्रदेश एवं जिले की सुख-समृद्धि तथा जनकल्याण की कामना की। नवरात्रि के अवसर पर शारदा विहार में आयोजित भोग-भंडारे में भी जयसिंह अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं एवं आयोजनकर्ताओं से मुलाकात की तथा भोग-प्रसाद ग्रहण कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि नवरात्रि केवल शक्ति की आराधना का पर्व ही नहीं, बल्कि समाज में श्रद्धा, सद्भाव, सेवा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने वाला पावन अवसर है। मां दुर्गा की आराधना हमें सत्य, धर्म, साहस और जनसेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर मंदिरों एवं भोग-भंडारा आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीयजन उपस्थित रहे।

पृष्ठ 1 का शेष

सप्तमी आज...

आदिशक्ति के दरबार में एक और दरबार मां कोसगाई देवी का है। अजगरबहार से 12 किमी दूर कोसगाई पहाड़ पर कोसगाई देवी का मंदिर है। पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित इस पहाड़ में कोसगाई देवी के दर्शन के लिए बालको क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण अंचल के भक्त पहुंचते हैं। क्षेत्र का यह एक धार्मिक स्थल होने के नाते यहां के आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं भी की हैं। सभी की मंगल करने वाली, सभी को सिद्धि देने वाली माँ सर्वमंगला देवी मंदिर में पंचमी को श्रद्धा का सैलाब देखने को मिला।

अज्ञात पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, चालक फरार

देवरी-सारागांव। अज्ञात पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक घायल हो गया, जबकि पिकअप चालक घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत देवरी निवासी विकास कुमार कर्नल पिता रामलाल कर्नल, पीआईएल प्लांट कोटाडबरी, चांपा में काम करने के बाद मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान शाम करीब 5:30 से 6 बजे के बीच सारागांव से चांपा की ओर तेज रफ्तार से जा रही एक अज्ञात पिकअप ने मुरकट्टी ढाई मंदिर ओवरब्रिज के पास कमरीद मोड़ पर उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। हादसे में विकास कुमार के दाहिने पैर, हाथ और कंधे में अंदरूनी चोटें आई हैं। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।



न्यायालय तहसीलदार दीपका
जिला कोरबा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगेश्वर प्रसाद पिता स्व. कुंदराम जाति केंवट, ग्राम नवापारा तहसील दीपका जिला कोरबा के द्वारा ग्राम रलिया तहसील दीपका में खातेदार कुंदराम के नाम पर स्थित भूमि खसरा नं. 906/5, 973/1 रकबा क्र. 0.069, 0.109 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि एस.ई.सी.एल. गेवरा क्षेत्र के द्वारा अर्जित कर लिया गया है। उक्त भूमि खातेदार कुंदराम की मृत्यु दिनांक 20.06.2019 हो जाने के कारण फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 04/11/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 12/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार
दीपका
जिला-कोरबा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दीपका
जिला कोरबा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भरतलाल, पिता स्व. कुशाराम, जाति केंवट, ग्राम नवापारा तहसील दीपका जिला कोरबा के द्वारा ग्राम रलिया तहसील दीपका में खातेदार भरतलाल, पिता स्व. कुशाराम, के नाम पर स्थित भूमि खसरा नं. 905/2, 906/2, 910/8, 989/4 रकबा 0.124 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि एस.ई.सी.एल गेवरा परियोजना के द्वारा अर्जित कर लिया गया है। जिसमें पत्रक एवं वर्तमान राजस्व रिकार्ड में त्रुटिवश जाति कंवर दर्ज है जबकि सही जाति केंवट है। जिसे सुधार कर जाति केंवट दर्ज किये जाने हेतु आवेदन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 04/11/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 12/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार
दीपका
जिला-कोरबा (छ.ग.)

प्रति,
थाना प्रभारी महोदय
थाना दीपका, जिला कोरबा (छत्तीसगढ़)

विषय - स्थानांतरण प्रमाण पत्र (TC) के खो जाने के संबंध में आवेदन।

महोदय,

मैं तनिष्क डाहाट, पिता श्रीकृष्णा डाहाट, निवासी प्रगति नगर दीपका का रहने वाला हूँ। मैंने DAV पब्लिक स्कूल, SECL गेवरा प्रोजेक्ट जिला कोरबा से कक्षा 12 वीं की पढ़ाई पूरी की है।

मेरा विद्यालय द्वारा जारी स्थानांतरण प्रमाण पत्र (Transfer (Certificate -TC) कही खो गया है। मैंने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन उक्त दस्तावेज मुझे नहीं मिल पाए है।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि मेरे TC खो जाने संबंध में मेरी शिकायत दर्ज करे तथा आवश्यक प्रमाण पत्र प्रदान करने की कृपा करें, ताकि मैं अपने विद्यालय से इन दस्तावेजों की डुप्लीकेट प्रतियाँ प्राप्त कर सकूँ।

धन्यवाद
दिनांक - 16/10/2026
भवदीय
नाम- तनिष्क डाहाट
पिता का नाम - श्री कृष्णा डाहाट
पता - B-227, प्रगति नगर दीपका

तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 निर्वाचन प्रक्रिया पर उठ रहे सवालों का पारदर्शी जवाब जरूरी : जयसिंह



खबर संक्षेप

रबी सीजन में टोकन और क्यूआर कोड से होगा उर्वरक वितरण

कोरबा। रबी सीजन 2026-27 में किसानों को रासायनिक उर्वरकों के वितरण के लिए नई डिजिटल व्यवस्था लागू की जा रही है। कृषि विभाग द्वारा फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल सॉफ्टवेयर के माध्यम से टोकन प्रणाली से उर्वरक वितरित किए जाएंगे। इस व्यवस्था का उद्देश्य किसानों को सही समय पर उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना, वितरण में पारदर्शिता बढ़ाना और कालाबाजारी पर रोक लगाना है। एप के माध्यम से उर्वरक विक्रेताओं के स्टॉक, उर्वरकों की प्राप्ति, दैनिक बिक्री और शेष उपलब्धता का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाएगा। यूरिया, डीएपी, एसएसपी, एमओपी, एनपीके सहित अन्य उर्वरकों की बिक्री और स्टॉक की जानकारी भी इसमें दर्ज होगी। इससे उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी की जा सकेगी। संबंधित अधिकारी उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर मांग, आपूर्ति और वितरण की स्थिति की समीक्षा कर सकेंगे।

चेक बाउंस के मामले के संबंध में हुई बैठक

कोरबा। चेक बाउंस से जुड़े लंबित मामलों के निपटारे के लिए 21 नवंबर को विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। विशेष लोक अदालत जिला न्यायालय व तालुका स्तर न्यायालय में आयोजित की जाएगी। लोक अदालत में परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 के तहत लंबित मामलों के निष्पादन पर जोर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य आपसी सहमति से विवादों का समाधान कर न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ कम करना है। विशेष लोक अदालत की तैयारियों और मामलो के निराकरण को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोरबा श्रीमती नीता यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को न्यायिक अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें न्यायिक पदाधिकारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कु.डिम्पल, शामिल हुए। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती नीता यादव ने कहा कि चेक बाउंस से जुड़े मामलों में आपसी समझौते से विवादों का समाधान संभव है। विशेष लोक अदालत पक्षकारों को सरल और सुलभ तरीके से मामले निपटाने का अवसर देती है। उन्होंने न्यायिक पदाधिकारियों को अपने-अपने न्यायालयों में लंबित ऐसे मामलों को चिंहित कर समय पर आवश्यक कार्यवाई शुरू करने का निर्देश दिया।

महिला कृषक सम्मेलन आयोजित

कोरबा। अंतराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस के अवसर पर ग्राम झोरा में महिला कृषक सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनपद पंचायत कटघोरा के अध्यक्ष श्रीमती झूल बाई, जनपद पंचायत कटघोरा के पूर्व उपाध्यक्ष गोविंद सिंह कंवर, सहायक संचालक कृषि श्रीमति पुष्पा कंवर, कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस.पी.सिंह, वरिष्ठ विषय वस्तु विशेषज्ञ दीपक तंवर, विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. अर्चना कुर्रे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एम.पी.सिंह, कृषि विकास अधिकारी टम्पाल सिंह, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अविनाश पटेल एवं श्रीमती श्रीतमा पाल एवं कृषि सखी, पशु सखी, महिला समूह एवं कृषक बंधु की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

स्थायी शिक्षा समिति की बैठक आज

कोरबा। जिला पंचायत की स्थायी शिक्षा समिति की बैठक 17 अक्टूबर को सुबह 11 बजे जिला पंचायत कोरबा के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों और एजेंडों पर चर्चा होगी। बैठक में पाठ्यक्रम, अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारियों, शौचालयविहीन विद्यालयों तथा अहातावविहीन विद्यालयों की स्थिति की जानकारी सहित अन्य शैक्षणिक विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

हाउसिंग बोर्ड के दो प्रोजेक्ट, एक के लिए खरीदार की दरकार, दूसरा जमीन आबंटन की प्रक्रिया में लटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग हाउसिंग बोर्ड के जिले में दो बड़े प्रोजेक्ट प्रस्तावित है जिसमें एक प्रोजेक्ट के लिए काम शुरु कर दिया है किंतु आवासों के लिए खरीदारों की दरकार बनी हुई है। वहीं दूसरे प्रोजेक्ट का मामला जमीन चिन्हांकन के बाद आबंटन के लिए अटका हुआ है।

हाउसिंग बोर्ड के द्वारा शहरी क्षेत्र में कॉलोनी विस्तार योजना पर कार्य करते हुए होम गार्ड के पीछे नई कॉलोनी के प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा था। लगभग 5 एकड़ रकबे में 370 आवासों वाले कॉलोनी बनाई जाएगी जिसमें स्वतंत्र और ईडब्ल्यूएस के फ्लैट शामिल हैं। स्वीकृति मिलने के पश्चात हाउसिंग बोर्ड ने आवासों की बुकिंग शुरु कर दी लेकिन लगभग 6 माह का अधिक का समय बीत चुका है और अब तक महज 38 आवासों की ही बुकिंग हुई है, उसमें भी अधिकांश स्वतंत्र आवासों के लिए ही बुकिंग पहुंचे हैं। आमतौर पर फ्लैट वाले आवासों को लेकर लोगों ने रुचि नहीं दिखाई है। इसी तरह बोर्ड का दूसरा प्रोजेक्ट बरपाली क्षेत्र में तैयार किया जाएगा। जिसमें स्वतंत्र और फ्लैट की कॉलोनी तैयार करने का प्रस्ताव है। इसके लिए भी पांच एकड़ जमीन का चिन्हांकन हो चुका है लेकिन राजस्व विभाग से अभी तक बोर्ड को जमीन आबंटन नहीं हो सकी है। मामला जमीन आबंटन प्रक्रिया में ही अटका पड़ा है। खरमोरा और बरपाली क्षेत्र में बोर्ड की दो बड़ी कॉलोनी के निर्माण के बाद चल रही तैयारियों में आबंटन की प्रक्रिया और लोगों में रुचि नहीं होना प्रोजेक्ट की देरी होने का कारण सामने आया है।

बरपाली में चिन्हांकित आवासीय कॉलोनी के लिए 5 एकड़ की जमीन

खास बातें

- खरमोरा में 370 आवासों वाले कॉलोनी के लिए महज 38 आवासों की हुई बुकिंग



उरगा क्षेत्र में बढ़ रही है रेलवे सुविधाएं

हाउसिंग बोर्ड के द्वारा अपनी कॉलोनी विस्तार योजना अंतर्गत सबसे पहले ग्राम पंचायत उरगा में आवासीय कॉलोनी का निर्माण किया था। लगभग एक हजार आवास वाली इस कॉलोनी के सभी आवास अब आबंटित हो चुके हैं। इसे देखते हुए बोर्ड ने बरपाली क्षेत्र को आवासीय विस्तार के लिए चयनित किया। उरगा और बरपाली क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों से रेलवे की सुविधा बढ़ रही है। क्षेत्र के भविष्य में विकसित होने की संभावना को देखते हुए बोर्ड ने कॉलोनी की योजना तैयार की है।

ठेकेदार को दो टूक, मैनपावर बढ़ाओ, नवंबर में भवन हैंडओवर करो

मेडिकल कॉलेज निर्माण में देरी, कलेक्टर ने जताई नाराजगी



निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मेडिकल कॉलेज का भवन बन रहा है लेकिन अब काम की रफ्तार में सुस्ती बर्दाश्त नहीं होगी। विद्यार्थियों की पढ़ाई जल्द शुरू हो, इसके लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत खुद निर्माण स्थल पर पहुंचे और कामकाज का जायजा लिया। निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने ठेकेदार को मैनपावर बढ़ाने और निर्धारित समय-सीमा में काम पूरा करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

कलेक्टर का संदेश साफ है, बहाने नहीं, काम की रफ्तार बढ़ाइए। भुलसीडीह में निर्माणाधीन स्वर्गीय श्री बिसाहू दास महंत स्मृति मेडिकल कॉलेज भवन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने नवंबर के अंतिम सप्ताह तक आवश्यक निर्माण कार्य पूरा कर भवन हैंडओवर करने को कहा। लक्ष्य सिर्फ भवन तैयार कराना नहीं, बल्कि मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों की पढ़ाई जल्द शुरू कराने के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है। 14 अक्टूबर को हुए निरीक्षण में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कॉमन रूम, डाइनिंग रूम, फर्नीचर फिटिंग और इलेक्ट्रिकल कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बिजली संबंधी कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए अतिरिक्त टीम लगाने तथा सीजीएमएससी के अधिकारियों को स्पष्ट वर्क शेड्यूल तैयार करने के निर्देश दिए। हॉस्टल, डाइनिंग, एंट्रेंस और खेल सुविधाओं से जुड़े कार्यों के लिए 15 दिसंबर की समय-सीमा तय की गई। यानी प्रशासन की प्राथमिकता केवल भवन की दीवारें खड़ी करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए जरूरी सुविधाओं को भी समय पर तैयार कराना है। कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज के डीन के.के. सहारे को विद्यार्थियों के लिए आवश्यक संसाधनों और सुविधाओं की सूची तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा, ताकि जरूरत के मुताबिक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज के डीन के.के. सहारे, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता जी.आर. जांगड़े, एसडीएम सरोज महिलांगे, एसडीओ राकेश द्विवेदी सहित निर्माण एजेंसी, ईएंडएम और नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

कॉलेज तक पहुंचने वाली सड़क भी कलेक्टर के रडार पर

मेडिकल कॉलेज का भवन तैयार हो जाए लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता ही परेशानी बने तो व्यवस्था अधूरी मानी जाएगी। कलेक्टर ने इस पहलू पर भी ध्यान देते हुए निर्माण एजेंसी को परिसर की सड़कों का काम गुणवत्तापूर्ण ढंग से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को कॉलेज तक पहुंच मार्ग पर डब्ल्यूएमएम कार्य शुरू करने को कहा गया। साथ ही नकटीखाड़ से मेडिकल कॉलेज तक के मार्ग को फोरलेन बनाने और डेढ़ माह के भीतर काम पूरा करने का लक्ष्य दिया गया। कॉलेज के आसपास नगर निगम क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करने और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर लाइट लगाने के निर्देश भी दिए गए।

अब समय-सीमा की परीक्षा निर्माण एजेंसियों की

मेडिकल कॉलेज जैसे महत्वपूर्ण संस्थान का निर्माण विद्यार्थियों के भविष्य और क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ा है। ऐसे में निर्माण कार्य में देरी का असर केवल परियोजना की समय-सीमा पर नहीं, बल्कि पढ़ाई शुरू होने की तैयारी पर भी पड़ सकता है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने निरीक्षण के दौरान अलग-अलग कार्यों के लिए समय-सीमा तय कर संबंधित विभागों और एजेंसियों की जिम्मेदारी स्पष्ट की है।

सप्तमी आज, मंदिरों में बढ़ेगी दर्शनार्थियों की भीड़, चल रहा भोग भंडारों का दौर



मड़वारानी मंदिर में प्रज्जवलित ज्योत कलश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मैदानी क्षेत्र में जहां मां की भक्ति में जगह जगह गरबा डांडिया चल रहा है तो वहीं दूसरी ओर पहाड़ों में विराजी माता के दरबार में ग्रामीण अंचल के भक्त भक्ति में झूम रहे हैं। मड़वारानी में शनिवार को पंचमी के अवसर से नवरात्र का पर्व शुरु हुआ वहीं अंचल के प्रसिद्ध चैतुरगढ़ पहाड़ में भी मां महिषासुर मर्दनि के दरबार में भक्त पहुंचने लगे हैं।

नवरात्रि में होने वाले गरबा नृत्य में लोगों की भीड़ कम नहीं हो रही है। देर शाम होते ही महिलाओं और युवतियों की भीड़ डांडिया मैदान में पहुंचने लगती है जो देर रात तक आदिशक्ति की भक्ति में किए जाने वाले इस गरबा नृत्य में डूबी नजर आती है। ठीक इसी तरह पहाड़ों में विराजी माता के दरबार में भी ग्रामीण अंचलों के भक्त झूमते हुए पहुंच रहे हैं। करतला विकासखंड में डंगनाई पहाड़ पर विराजित मां डंगनाई देवी करतला और कोरबा विकासखंड क्षेत्र के भक्त बड़ी संख्या में डंगनाई पहाड़ पहुंच रहे हैं। इसी तरह मडंवारानी पहड़ा में हमेशा पुरानी परंपरा के तहत पंचमी के दिन से नवरात्र की शुरुआत हो रही है। इस अवसर पर मड़वारानी के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के भक्त जवारा बोने और कलश स्थापना के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे। शाम होते ही वहां भक्तों की भीड़ पहले दिन से ही लगनी शुरु हो गई थी। अंचल के सबसे प्रसिद्ध चैतुरगढ़ पहाड़ पर स्थित मां महिषासुर मर्दनी मंदिर में भी ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं। 950 तेल एवं 90 घी के ज्योति कलश है तथा 11सौ ज्वारा कलश स्थापित किए गए हैं। चैतुरगढ़ में जिले के अलावा बिलासपुर, रतनपुर एवं पेंड्रा क्षेत्र के भक्त पहुंच रहे हैं। पहाड़ों पर स्थापित ⏭शेष पेज 2 पर

हादसे में युवक की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा। शुक्रवार देर शाम कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत छुरी सब स्टेशन के समीप अनियंत्रित होकर एक बाइक की पुल के नीचे गिरने से बाइक सवार एक युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना के दौरान वहां से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल युवक को कटघोरा सीएससी में दाखिल कराया गया है। वहीं मृतक के शव को मरच्युरी में रखवाया गया है।

इस घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार जितेंद्र साहू पिता कुशल साहू उम्र 23 वर्ष स्याहीमुड़ी दर्री निवासी एवं जितेंद्र श्रीवास पिता गोपेश्वर श्रीवास उम्र 22 वर्ष सीडी डिलक्स बाइक से कहीं जा रहे थे।इसी दौरान रात लगभग 8 बजे उनकी बाइक छुरी सब स्टेशन के समीप अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरी। इस दौरान वहां से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने घटना को देखा और घटना की सूचना कटघोरा पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को नाले से निकाला और कटघोरा सीएससी में दाखिल कराया। जहां चिकित्सकों ने जितेंद्र साहू को परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं जितेंद्र श्रीवास को गंभीर चोटें आने पर उपचार किया जा रहा है। दोनों युवकों के संबंध में पुलिस ने जानकारी जुटाई तो उनके दर्री स्याहीमुड़ी निवासी होने की जानकारी मिली है। दोनों युवक बाइक से कहां से आ रहे थे इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। घटना की सूचना उनके परिजनों को दी गई।

कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

कोरबा। पीजी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक, व्यावहारिक एवं व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनोविज्ञान परिषद का गठन एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों के पिछले शैक्षणिक प्राप्तांकों के आधार पर गठित मनोविज्ञान परिषद में एमए तृतीय सेमेस्टर की भावना बजाज को अध्यक्ष एवं लालनी को उपाध्यक्ष तथा युवराज सिंह को सचिव और एमए प्रथम सेमेस्टर की मनीषा ठाकुर को सह सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। परिषद का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता, सामूहिक सहभागिता एवं सामाजिक संवेदनशीलता का विकास करना है।

बरसात की कठिन राहों से सुगम आवागमन की ओर, सड़कों का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



वनांचल क्षेत्र में चल रहा सड़क निर्माण का कार्य।

बारिश थमने के बाद अब दूरस्थ वनांचल की उन सड़कों पर काम शुरू हो गया है, जिनसे गांवों और बसाहटों का रोजमर्रा का जीवन जुड़ा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के तहत जिले में सड़कों के डामरीकरण एवं आवश्यक संधारण कार्य किए जा रहे हैं। इन कार्यों से पीवीटीजी बसाहटों तक पहुंच आसान बनाने और ग्रामीणों के आवागमन को अधिक सुगम करने की दिशा में कदम बढ़ा है।

बरसात के दिनों में दूरस्थ गांवों की सड़कें अक्सर चुनौती बन जाती हैं। कीचड़, फिसलन और जगह-जगह पानी जमा होने से पैदल चलना तथा दोपहिया या अन्य वाहनों से आवागमन कठिन हो सकता है। ऐसी स्थिति में बच्चों का स्कूल पहुंचना, ग्रामीणों का बाजार और जरूरी सेवाओं तक जाना भी परेशानी भरा हो जाता है। स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकता के समय रास्ते की कठिनाई चिंता बढ़ा सकती है। इसलिए सड़क का बेहतर होना केवल यात्रा को आसान बनाने का काम नहीं करता, बल्कि गांवों को शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और अन्य जरूरी सुविधाओं से जोड़ने में भी मदद करता है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने वर्षा ऋतु के बाद सड़कों पर डामरीकरण एवं आवश्यक संधारण कार्यों को प्राथमिकता से कराने के निर्देश कार्यपालन अभियंता को दिए हैं। इन निर्देशों के तहत कार्यपालन अभियंता सी.बी.तँवर द्वारा जिले में संबंधित सड़कों पर कार्य कराया जा रहा है। पाली विकासखंड में पीएम जनमन के तहत पीवीटीजी बसाहटों को जोड़ने वाली भंडारखोल से खैरबहार सड़क पर डामरीकरण कार्य प्रारंभ किया गया है। 1.4 किलोमीटर लंबी यह सड़क स्थानीय बसाहटों के लिए संपर्क मार्ग का काम करेगी। सड़क का निर्माण पूरा होने पर ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। इसी कड़ी में कोरबा विकासखंड के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में ऐलोंग से सिमकेंदा वाया तितरडांड तक 5.58 किलोमीटर लंबी स्वीकृत सड़क पर डामरीकरण की तैयारी की जा रही है। वहीं, नकिया से खम्हुन तक 5.50 किलोमीटर लंबी सड़क का कार्य भी शुरू किया गया है। इन मार्गों का विकास दूरस्थ गांवों के संपर्क को मजबूत करने और बरसात के बाद आवागमन को बेहतर बनाने में सहायक होगा।

फिल्म हनुमान अंश के मुख्य कलाकर पत्रकारों से हुए रुबरु

माया के प्रकोप से व्यक्ति के आचार और व्यवहार में आता है बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फिल्म हनुमान अंश के मुख्य कलाकर शोभिनव सत्य ने आज यहां कहा कि माया के प्रकोप से व्यक्ति के आचार और व्यवहार में बदलाव आता है और माया के प्रभाव के कारण ही व्यक्ति जीवन में उतार चढ़ाव को तय करता है।

शोभिनव जश्न रिसार्ट में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि फिल्म हनुमान अंश के तीन उद्देश्य है जो बाबा नीम करोली के जीवन पर आधिरत है। पहला भुखों को खाना खिलाना, दूसरा मंदिर में प्रसाद चढ़ाना और तीसरा घर घर हनुमान भक्ति का प्रचार करना और इस फिल्म के माध्यम से बाबा तीनों उद्देश्यों को पूरा किया जा रहा है। अभी तक देश के कई शहरों में फिल्म का प्रदर्शन हो चुका है और अभी भी कई शहरों में इसका प्रदर्शन होना बांकी है। फिल्म में नीम करोली बाबा की भूमिका मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह फिल्म में सहायक निर्देशक के तौर पर काम कर रहे थे और फिल्म के जो मुख्य कलाकार थे, अचानक उनका स्वास्थ्य खराब हो जाने के कारण फिल्म के डायरेक्टर ने मुख्य पात्र के लिए जो मापदंड तय किये थे उस मापदंड में वह फीट बैठ रहे थे और उन्हें यह भूमिका करने के लिए कहा और वह तैयार हो गए। शोभिनव सत्य ने यह भी कहा कि वर्ष 2018 से वह हनुमान जी का व्रत रख रहे हैं। उस समय उनकी नानी ने हनुमान जी का व्रत रखने के कारण बहुत से काम छोड़ने को कहा था और वह आज शाकाहारी हैं। तब से उनकी जीवन में जो यह बदलाव आया है वह उनके समझ से परे है। ऐसा लगता है कि हनुमान जी ने मुझे यह भूमिका दिलाने की तैयारी पहले से तय कर ली थी। फिल्म से जो पहचान उनकी बनी हुई है उसे कायम रखना उनका मुख्य उद्देश्य है। धार्मिक फिल्मकारों के वास्तविक जीवन में अलग प्रचार व्यवहार रहता है। इस सवाल पर उनका कहना था कि ये सब माया के प्रकोप के कारण होता है। उन्होंने यह भी कहा कि वह मर्यादा में रहकर ही फिल्मों में अपनी भूमिकाएं करेंगे। फिल्म के विषय पर उन्होंने कहा कि जब फिल्म बन रही थी तब ऐसा लग रहा था कि फिल्म आगे चलेगी या नहीं लेकिन इतना तो भरोसा था कि फिल्म कुछ ना कुछ जरुर करेगी। शोभिनव सत्य नाम रखे जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह कायस्थ समाज से हैं उनके पिता का नाम सत्य है इसलिए अपने नाम के आगे सत्य जोड़े हैं। पत्रकारवार्ता के दौरान निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय, महापौर संजूदेवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी उपस्थित थे।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते शोभिनव सत्य एवं महापौर संजूदेवी राजूपत एवं अन्य

मामूली विवाद पर युवक ने ब्लेड से किया हमला, मामला दर्ज

कोरबा। बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र में मामूली विवाद को दो रिश्तेदारों में वाद विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि एक युवक ने ब्लेड से अपने रिश्तेदार पर हमला कर दिया। मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच कार्यवाही में लिया गया है। जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा निवासी नरसिम्हा अपने रिश्तेदार गणेश से मिलने गया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि गणेश ने अपने पास रखे ब्लेड से नरसिम्हा पर हमला कर दिया जिससे उसे चोट लगी है। वहीं घटना के बाद गणेश मौके से भाग गया। परिजनों की मदद से नरसिम्हा को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। नरसिम्हा की रिपोर्ट पर पुलिस ने गणेश के खिलाफ धारा 118(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

खबर संक्षेप



लिटिल स्टार स्कूल में रामायण नाटक व नवदुर्गा डांस का हुआ आयोजन

कोरबा। लिटिल स्टार स्कूल निहारिका रोड में 16 अक्टूबर को रामायण एक्ट एवं नवदुर्गा डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शानदार अभिनय एवं नृत्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं तथा बुराई पर अच्छाई की जीत का सुंदर संदेश दिया गया। विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती अनीशा तिवारी एवं श्रीमती यशोदा साहू ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का समापन उत्साह, उमंग एवं भक्तिमय वातावरण में हुआ।

डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल में मनाया गया नवरात्रि पर्व

कोरबा। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में नवरात्रि पर्व श्रद्धा, भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में भक्तिमय वातावरण रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं तथा नारी शक्ति के महत्व से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों डॉ० डीके आनंद प्रबंधक, सेंट सेवियर्स पब्लिक स्कूल भूपेंद्र पांडे प्राचार्य अग्रसेन स्कूल, पार्षद प्रताप सिंह कंवर तथा प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी के द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम के दौरान माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की महिमा का वर्णन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नवरात्रि पर्व के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व को समझा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को बुराई पर अच्छाई की विजय, सत्य, साहस, सदाचार तथा नारी सम्मान का संदेश दिया गया।

लापता बालक की अब तक नहीं मिला सुराग

कोरबा। एक 12 वर्षीय बालक के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 12 अक्टूबर को बालक के लापता होने के बाद परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस से शिकायत की गई। मामले में पुलिस ने गुम इंसान दर्ज कर बालक की खोजबीन शुरु कर दी है।

युवक ने लगाई फांसी जांच में जुटी पुलिस

कोरबा। एसईसीएल की दीपका कॉलोनी स्थित आवासीय क्वार्टर में 45 वर्षीय चैतन्य कुमार सूर्या पिता मोहित राम सूर्या का शव फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही दीपका पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। जांच के बाद स्पष्ट होगा कि चैतन्य ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है।

कटघोरा थाना क्षेत्र के बरपाली के समीप अलसुबह हुआ हादसा

ट्रक व ट्रैक्टर में आमने- सामने भिड़ंत, दो हिस्सों में बटा ट्रैक्टर, बाल- बाल बचा चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



दुर्घटना के बाद दो हिस्सों में बटा ट्रैक्टर।

नेशनल हाईवे-130 पर बरपाली में लूसिया पेट्रोल पंप के आगे शुक्रवार की सुबह लगभग 5:30 बजे ट्रक और पाइलिंग ट्रैक्टर के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पाइलिंग ट्रैक्टर दो टुकड़ों में बंट गया। हादसे के दौरान ट्रैक्टर में सवार दोनों चालकों ने कूदकर अपनी जान बचाई। हादसा कैसे हुआ है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि संभवतः नींद की वजह से हादसा हुआ है। फिलहाल पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, गड्ढे खोदने के काम में इस्तेमाल होने वाला पाइलिंग ट्रैक्टर रायपुर से अंबिकापुर जा रहा था। इसी दौरान कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरपाली में लूसिया पेट्रोल पंप के आगे नेशनल हाईवे-130 पर सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईडी 4194 से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। भिड़ंत के बाद पाइलिंग ट्रैक्टर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दो टुकड़ों में बंट गया। बताया जा रहा है कि पाइलिंग ट्रैक्टर में दो चालक सवार थे। इनमें एक चालक नरेंद्र कुमार पिता रामरुप को गंभीर चोट आयी है। जबकि दूसरे चालक का नाम फिलहाल पता नहीं चल पाया है। दोनों चालकों ने समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। जांच अधिकारी चंद्रपाल खांडे ने बताया कि ट्रैक्टर सवार दोनों चालक बाल बाल बच गये हैं। पुलिस ने इस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है। उल्लेखनीय है कि कटघोरा अंबिकापुर मुख्य मार्ग में लगातार हादसे हो रहे हैं। जो पुलिस के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।

नदियों में रेत होने के बावजूद घाट स्वीकृत नहीं, अवैध रेत के नाम पर ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली



फाइल फोटो

पाली विकासखंड में इन दिनों रेत को लेकर अजीबोगरीब स्थिति निर्मित हो गई है। एक ओर क्षेत्र की बारहमासी बहने वाली नदियों में पर्याप्त मात्रा में रेत उपलब्ध है, तो दूसरी ओर प्रशासन से एक भी रेत घाट स्वीकृत ना होने के कारण वैध खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। नतीजा यह है कि निजी मकान से लेकर शासन के करोड़ों के निर्माण कार्य रेत के अभाव में ठप पड़ गए हैं।

प्रशासन की ओर से अवैध रेत उत्खनन को रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। राजस्व और खनिज अमले द्वारा ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ कर थाने में खड़ा किया जा रहा है और प्रति वाहन 10 हजार से 30 हजार रुपये तक का भारी-भरकम जुर्माना वसूला जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों, सरपंचों और ठेकेदारों का कहना है कि जुर्माने की कार्रवाई तो हो रही है, लेकिन विकल्प नहीं दिया जा रहा। हम चोरी से रेत नहीं लाना चाहते। हम चाहते हैं कि प्रशासन घाट स्वीकृत कर दे, हम नियमानुसार रॉयल्टी पर्ची कटाकर रेत लाएंगे। इससे सरकार को राजस्व भी मिलेगा और हम पर चोर का ठप्पा भी नहीं लगेगा। रेत घाट स्वीकृत ना होने और अवैध उत्खनन, परिवहन पर कार्रवाई से शासकीय योजनाएं भी प्रभावित हो चली है। ग्राम पंचायतों के निर्माण सहित अन्य शासकीय निर्माण कार्यों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। कई पंचायतों में आवास के लिए स्वीकृत राशि के बाद भी हितग्राही रेत न मिलने से नींव का काम भी पूरा नही कर पा रहे हैं। वहीं निजी क्षेत्र में 8सौ-एक हजार रुपये ट्राली मिलने वाली रेत अब 15सौ से 3 हजार रुपये तक ब्लैक में बिक रही है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पाली क्षेत्र की नदियों का सर्वे कराकर कम से कम 2 रेत घाटों को चिन्हित कर स्वीकृति दी जाए। ग्राम पंचायतों को अस्थाई रेत खनन की अनुमति या रॉयल्टी आधारित परिवहन पास जारी किया जाए तथा जब तक घाट स्वीकृत नहीं होते, तब तक शासकीय कार्यों के लिए आवश्यकता अनुसार छूट दी जाए। यदि जिला प्रशासन द्वारा वैध घाट स्वीकृत कर रॉयल्टी जारी की जाती है, तो इससे दोहरा लाभ होगा। एक ओर जहां शासन को लाखों रुपये का खनिज राजस्व प्राप्त होगा, वहीं दूसरी ओर अवैध उत्खनन, नदियों से रेत की चोरी और ट्रैक्टरों की धरपकड़ की नौबत ही खत्म हो जाएगी।

निर्वाचन प्रक्रिया पर उठ रहे सवालों का पारदर्शी जवाब जरूरी : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के विरोध और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कोरबा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। इसी कडी में बालको ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ए.डी. जोशी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया।

प्रदर्शन में शामिल पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर देशभर में लगातार सवाल उठ रहे हैं और विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ऐसे समय में निर्वाचन आयोग को जनता की आशंकाओं का समाधान करते हुए पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए। श्री अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता सूची केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के मताधिकार का आधार है। इसलिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर उठ रहे किसी भी सवाल को हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने कहा कि यदि मुख्य चुनाव आयुक्त की कार्यशैली को लेकर व्यापक स्तर पर सवाल उठ रहे हैं और लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं तो मुख्य चुनाव आयुक्त को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से भी निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर उठ रही आशंकाओं का संज्ञान लेने और आवश्यक कार्रवाई की मांग की। श्री अग्रवाल ने कहा कि जनता के मन में किसी प्रकार का संदेह न रहे, इसके लिए एसआईआर प्रक्रिया और मतदाता सूची से जुड़े मामलों की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पर जनता का विश्वास कायम रहना सबसे महत्वपूर्ण है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो सहित विभिन्न नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर, ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष ए.डी. जोशी, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, रवि सिंह चंदेल, एम.डी. यासीन, एफ.डी. मानिकपुरी, महेन्द्र थवाईत, गिरधारी बरेठ, मो. यासीन, विजय जैसवाल, पार्षद बद्री किरण, कसेरपुरी गोस्वामी , सायदा खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षद एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कोरबा में 9, कटघोरा में 52 हाथी डाले हुए हैं डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



रात्रि में तैनात वन विभाग के कर्मचारी एवं ग्रामीण।

वन मंडल कोरबा के करतला रेंज 9 हाथी सक्रिय हैं। हाथियों का झुंड रेंज के साजापानी गांव में तीन दिनों से डेरा डाले हुए हैं और लगातार

खास बात

- किसानों की खड़ी फसलों को पहुंचा रहे हैं नुकसान

किसानों के फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश के साथ भय बना हुआ है। किसानों ने अपने धान की सुरक्षा के लिए प्रशासन से गुहार लगाई है। ज्ञात रहे कि हाथियों का यह झुंड कई महीनों से चिकिनीपाली पहाड़ पर हैं। कुछ दिन पहले ही आगे बढक़र सक्ति की ओर बढ़ गया था। लेकिन चार दिनों पहले यह दल वापस आया। और पहले दिन करतला रेंज के लबेद गांव में उत्पात मचाते हुए बढ़ी सुंख्या में ग्रामीणों के फसल को तहस नहस कर दिया था। उसके बाद अगले दिन साजापानी पहुंच गए। और लगातार उत्पात मचा कर ग्रामीणों एवं वन विभाग की नाको में दम कर रखा है। वहीं कटघोरा वन मंडल रेंज में भी हाथियों का उत्पात थम नहीं रहा है। यहां 52 हाथियों का झुंड खेतों में पहुंचकर ग्रामीणों के फसल को मटिया मेट कर रहे हैं। इसी कारण से ग्रामीणों ने गुरुवार को पसान में चक्का जाम कर दिया था।

धूल से परेशान ग्रामीणों ने एनएच बाईपास पर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सड़क पर धरना देते महिलाएं।

कोरबा। लंबे समय से खराब सडक़ के कारण 24 घंटे यहां से उडऩे वाली धूल ने लोगों की नाक में दम कर दिया। उनकी समस्याएं लगातार बढ़ती गई। अधिकारियों ने लोगों की परेशानी को अनसुना किया तो थक हार कर उन्होंने लखनपुर में नेशनल हाईवे 130 के बाईपास पर प्रदर्शन करते हुए गाडिय़ों के पहियों पर ब्रेक लगा दिया।

मामले की जानकारी होने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी यहां पहुंचे। लोगों से बातचीत की जा रही है। पहले ही यहां के लोगों ने समस्या को लेकर प्रशासन को अल्टीमेटम दिया था। इसमें अपने क्षेत्र की समस्याएं बताई गई थी और कहा गया था कि इस वजह से उनका जीवन मुश्किल में हो गया है। अधिकारियों की जानकारी में यह बात लाई गई थी कि एक तो उनके क्षेत्र की सडक़ पहले से ही खस्ता हाल है। ऊपर से छोटी बड़ी गाडिय़ों के लगातार चलने के कारण वहां से उडऩे वाली डस्ट जन स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गई है। आसपास के जनजीवन पर इसका अत्यंत नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। आसपास के पर्यावरण को भी इस वजह से मुश्किल हो रही है। स्वसन तंत्र से संबंधित परेशानियों के कारण लोगों की कमाई पर असर पड़ रहा है। लखनपुर के ग्रामीणों के द्वारा आसपास के कुछ लोगों का सहयोग इस मामले में लिया गया और अंतिम रूप से प्रशासन को अल्टीमेटम देने के बाद शुक्रवार को बाय पास पर चक्का जाम कर दिया गया। नेशनल हाईवे के बाईपास पर चक्का जाम किए जाने से कुछ ही देर में गाडिय़ों की लाइन लग गई और आसपास के क्षेत्र पर इसका दबाव पड़ा। कटघोरा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने टीम के साथ यहां पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। लोगों से बातचीत की। समस्याओं के बारे में आगे अवगत कराने का भरोसा दिया।